जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

22 मई 2024

प्रेस विज्ञप्ति

प्रोफेसर मोहम्मद शकील ने संभाला जामिया के कार्यवाहक कुलपति का कार्यभार

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. मोहम्मद शकील ने आज यानी 22 मई 2024 को जेएमआई के कार्यवाहक कुलपति के रूप में कुलपति कार्यालय जामिया का कार्यभार संभाल लिया है। प्रो. मोहम्मद शकील विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति के पदभार ग्रहण तक कार्यभार संभालेंगे। प्रो. शकील वर्तमान में विश्वविद्यालय के सबसे वरिष्ठ प्रोफेसर हैं।

प्रोफेसर शकील ने बी.टेक. एवं एम.टेक. की डिग्री अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू), अलीगढ से प्राप्त की और बाद में रूड़की विश्वविद्यालय से पीएच.डी. डिग्री प्राप्त की। वह नवंबर 1986 में जामिया में लेक्चरर के रूप में शामिल हुए थे और बाद में उन्हें क्रमशः वर्ष 1992 और 2000 में रीडर और प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत किया गया था। उनके पास व्यापक शिक्षण और अनुसंधान अनुभव है। उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक पदों जैसे डीन, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय, परीक्षा नियंत्रक, निदेशक, दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र, अध्यक्ष, सिविल इंजीनियरिंग विभाग और कई अन्य पदों पर कार्य किया है। वह विश्वविद्यालय की कई महत्वपूर्ण समितियों में शामिल रहे हैं।

कार्यवाहक कुलपति का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रोफेसर शकील ने कहा कि वह हर स्तर पर विश्वविद्यालय के हितों की रक्षा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। विश्वविद्यालय के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने कुलपति के कार्यालय जाकर उन्हें बधाई दी।

जामिया के कार्यवाहक कुलपति ने श्री एम नसीम हैदर, उप कुलसचिव-I को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक विश्वविद्यालय का कार्यवाहक कुलसचिव नियुक्त किया है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया